# RAF SECTOR

## NEWS CLIP

## 07/07/20

**TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING**

**Hindustan , Aligarh (U.P.)**

प्रमुख सचिव ने ग्राम साथा में वन महोत्सव का किया शुभारंभ, सरकारी-निजी कार्यालयों व स्कूल-कॉलेजों में पौधरोपण

# 30.33 लाख पौधे रोपकर किया धरती का श्रृंगार

अलीगढ़ | कार्यालय संवाददाता

धरा को हरा-भरा बनाने के लिए रविवार को जिलेभर में 30.31 लाख पौधे रोपे गए। प्रमुख सचिव पीडब्ल्यूडी ने ग्राम साथा से वन महोत्सव का शुभारंभ करते हुए कहा कि प्रकृति और पर्यावरण आने वाली पीढ़ी के लिए धरोहर है। सरकारी, निजी कार्यालयों, स्कूल-कॉलेज व अस्पताल में पौधरोपण किया गया।

शासन ने अलीगढ़ के लिए पौधे लगाने का लक्ष्य रखा था। रविवार को प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग व नोडल अधिकारी नितिन रमेश गोकर्ण, डीएम चन्द्रभूषण सिंह, सीडीओ अनुनय झा, जनप्रतिनिधि, एवं समस्त ग्राम पंचायतों में ग्राम प्रधानों के द्वारा व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक भूमि पर पौधरोपण किया। प्रमुख सचिव सर्किट हाउस, आरएएफ प्रांगण, ग्राम साथा एवं डीएम व सीडीओ ने गभाना के ग्राम हुरसैना में पौधे लगाए। प्रमुख सचिव नितिन रमेश गोकर्ण ने कहा कि यदि हमें आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित रखना है, तो प्रकृति और पर्यावरण को संरक्षित करना ही होगा। हम स्वस्थ और जीवित रहना चाहते हैं, तो हर हाथ को एक पौधा रोपित करना होगा। प्रकृति इंसान के लिए सुख, शांति और समृद्धि का भंडार है। आज हम कोविड-19 से जूझ रहे हैं, तो लगता है कि प्रकृति ही इसका निदान, उपचार, उद्गम और अंत है।



ग्राम साथा में रविवार को वृक्षारोपण अभियान के तहत पौधा रौपते प्रमुख सचिव लोनिवि नितिन रमेश गोकर्ण।

**औषधीय पौधे**

### लाभार्थियों के आवासों पर भी पौधे रोपे

डीएफओ नरेन्द्र प्रकाश उपाध्याय ने बताया कि जनपद में पौधों में नीम, शीशम, कंजी, बेल, सिलबिन, यूकेलिप्टस, जामुन, पाकड़, कनक, अमरूद समेत फलदार, छायादार, जंगली, वनस्पति एवं औषधीय गुणों वाले पौधों का रोपण किया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लाभार्थियों के आवासों पर भी सहजन के पौधे रोपित किये गये।

**संरक्षण**

### वृक्ष धरा के आभूषण: जिलाधिकारी

डीएम ने वन महोत्सव के अवसर पर गभाना के हुरसैना में पौधा रोपित किया और कहा कि वृक्ष धरा के आभूषण होते हैं। पौधरोपण से बड़ा पुनीत कार्य कोई दूसरा नहीं है। आइये हम सभी लोग इस अभियान से जुड़ें। शुद्ध वायु और अच्छे वातावरण के लिये वृक्ष लगाना सबसे आवश्यक है। धरती को हरा-भरा करने के लिये आवश्यक है कि पौधों का रोपण एवं संरक्षण करें।

**महत्व**

### वृद्ध पीढ़ियों के लिए वरदान : सीडीओ

सीडीओ ने कहा कि वृक्षारोपण कार्यक्रम वर्तमान एवं भावी पीढ़ियों के लिये एक वरदान है। इससे पर्यावरणीय संतुलन बनाये रखने में सहायता मिलती है। जलवायु शुद्ध होने के साथ ही आर्थिक विकास का मार्ग प्रशस्त होता है। एक पेड़ अपने पूरे जीवनकाल में हर समय हमें कुछ न कुछ देता ही रहता है। हमें वृक्षारोपण के महत्व को पहचानना होगा।

**तैयारी**

### कब्जा मुक्त कराई भूमि पर भी लगेंगे पौधे

प्रमुख सचिव ने कहा कि जनपद में खाली पड़ी और साथ कब्जा मुक्त कराई भूमि पर पौधरोपण किया जाना है। सभी विभागों द्वारा समय से पौधों का उठान कर लिया गया एवं मनरेगा श्रमिकों से गड्ढों का खुदान भी कर लिया गया। गोशालाओं, खेल के मैदानों, तालाबों, वेटलैंड में पौधे रोपित किए जाएंगे। मनरेगा के अन्तर्गत जीर्णोद्धार की गयी नीम नदी एवं तालाबों के किनारे भी पौधे लगेंगे।

**पौधरोपण**

### कमिश्नर ने दतलाना में किया पौधरोपण

कासगंज के ग्राम दतलाना में कमिश्नर जीएस प्रियदर्शी ने पौधरोपण किया गया। क्षेत्रीय सांसद राजवीर सिंह राजू, वृजक्षेत्र अध्यक्ष रजनीकांत माहेश्वरी ने दतलाना गांव पर गंगा के तट पर वन महोत्सव में 298.00 हेक्टेयर भूमि पर 3,51,250 पौधे रोपित किए। इस दौरान जिला अध्यक्ष केपी सिंह सोलंकी, विधायक देवेंद्र राजपूत, विधायक देवेंद्र प्रताप सिंह आदि मौजूद थे।

### रोटरी क्लब ऑफ अलीगढ़ ने किया पौधरोपण

अलीगढ़। रोटरी क्लब ऑफ अलीगढ़ के रोटेरियन नगेंद्र सिंह की अध्यक्षता में श्रृंखलाबद्ध पौधे लगाए गए। अलीगढ़-दिल्ली जीटी रोड पर लगभग पांच किलोमीटर क्षेत्र पौधे लगाए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि (डीजीई) रोटेरियन मुकेश सिंघल, विशिष्ट अतिथि जीएसआर रोटेरियन राजीव अग्रवाल एवं एजी लोकेश पवार ने एक एक वृक्ष लगाकर किया। क्लब अध्यक्ष व सचिव रो. लवलेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष रो. पीपी गुप्ता एवं संयोजक रो. पंकज गोयल द्वारा एक तुलसी पौधा भेंट किया गया, जो गुणों का भंडार है और इस कोविड महामारी में काफी लाभकारी है। इस दौरान डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन मुकेश एलआईसी, प्रहलाद अग्रवाल, चन्द्रेश अग्रवाल, सचिन गर्ग, दिवाकर वार्ष्णेय, लतेश गोयल, पुनीत अग्रवाल, अंकुर महेश्वरी, सतेंद्र पाल सिंह, जीतेश, पल्लव तिलकधारी, तरुण सैनी आदि मौजूद थे।

### हरे भरे पर्यावरण के लिए किया पौधरोपण

अलीगढ़। गौरा पहलवान फाउंडेशन के तत्वावधान रविवार को पौधरोपण अभियान शुरू किया गया। संस्थापक शोभाराम ठाकुर के नेतृत्व में संस्था के सदस्यों ने खेरेश्वर मंदिर में पौधरोपण किया। शोभाराम ने बताया कि उनकी संस्था जिले में 700 पौधे लगाएगी। उन्होंने बताया कि पर्यावरण बचाने के लिए आसपास के लोगों को भी जागरूक करते हुए पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

Amar Ujala , Lucknow (U.P)

# पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित

**संदेश वाहक न्यूज़**

**लखनऊ।** सरोजनीनगर के बिजनौरी स्थित 91 बटालियन द्रुत कार्य बल (आरएएफ) द्वारा रविवार को इलाके के खटोला गांव स्थित ढांके वीर बाबा मंदिर परिसर, लखनऊ इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी और आजाद ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूट कॉलेज परिसर में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। आरएएफ की कमांडेंट सीमा टोलिया के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में पर्यावरण के रक्षक होने का संदेश दिया गया।

कमांडेंट सीमा टोलिया के नेतृत्व में बटालियन के द्वारा वृक्षारोपण अभियान के तहत सागौन, शीशम, आम, अमरूद, जामुन, आंवला, नीम तथा बरगद के पौधे रोपित किए गए। इस दौरान सीमा टोलिया ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम के आयोजन से सामान्य जनता के मन में बल के प्रति सद्भावना का विकास होता है



और पर्यावरण के लिए भी इस प्रकार के कार्यों के प्रति लोगों में उत्सुकता बढ़ती है। कार्यक्रम में उप कमांडेंट विजय कुमार साहू ने पर्यावरण में वृक्षों के महत्व के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। इस मौके पर बटालियन के डॉ. नरेंद्र कुमार मुख्य चिकित्सा अधिकारी, एसजी रामप्रकाश यादव, उप कमांडेंट दामोदर सिंह व सहायक कमांडेंट विकास कुमार सिंह ने बढ़-चढ़कर वृक्षारोपण अभियान में हिस्सा लिया। इस मौके पर खटोला गांव के ग्राम प्रधान मोहनलाल गौतम, पंचायत सचिव ब्रजेश कुमार, मंदिर संचालक लल्लू प्रसाद चौरसिया और तमाम अन्य ग्रामीण व कॉलेजों के प्रधानाचार्य मौजूद रहे।

Aaj News , Prayagraj (U.P)

# आरएएफ के जवानोंने रोपित किये २५०० पौधे

फाफामऊ शान्तिपुर स्थित रैपिड एक्शन फोर्स की ओर से एक जुलाई से सात दिवसीय वन महोत्सव सप्ताह मनाया जा रहा है। पांचवें दिन रविवार को १०१ आरएएफ वाहिनी के कमाण्डेंट आरके निगम की अगुवाई में कैम्प परिसर एवं आस-पास वृहत स्तर पर पौधरोपण अभियान का आयोजन किया गया। पौधरोपण में वाहिनी के समस्त अधिकारी एवं जवानों ने कैम्प परिसर के बाहर चारों तरफ आसपास के क्षेत्र में बडे पैमाने पर विविध प्रकार के २५०० पौधों को रोपित किये।

कमाण्डेंट आरएएफ आरके निगम ने कार्मिकों एवं जवानों को पौधरोपण के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि अपने नजदीकी गांव क्षेत्र में भी परिवार के सभी सदस्यों को कम से कम १० पौधे रोपित करना चाहिए, क्योंकि वृक्षारोपण मानवीय संवेदनाओं को बढ़ाता है। तथा जीवन की जीवन रेखा आक्सीजन की पूर्ति करता है। उन्होंने कहा कि मत्स्य पुराण में कहा गया है कि एक जलकुंड दस कुए के समान है। एक तालाब दस जलकुंड के बराबर है। एक पुत्र का दस तालाब के बराबर महत्व है और एक वृक्ष का दस पुत्रों जितना महत्व है। पौधरोपण में मुख्य चिकित्साधिकारी डा. केके सिंह, नरेन्द्र कुमार द्वितीय कमाण्डेट, दीपक तिवारी उप कमाण्डेंट, सुघेन्द्र सिंह सहाय[illegible] कमाडेंट, तथा आरएएफ के [illegible] जवानों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा [illegible]

## पुलिस लाइन में किया गया पौधरोपण

वन महोत्सव सप्ताह के अन्तर्गत रविवार को एडीजी की अगुवाई में पुलिस लाइंस में पौधरोपण किया गया। इसके साथ ही जिले में विभिन्न थाना क्षेत्रों के प्रभारियों ने अपने-अपने क्षेत्र में पौधरोपण किये।

अपरपुलिस महानिदेशक जोन प्रयागराज प्रेम प्रकाश के निर्देशन में पूरे जाने में वृक्षारोपण लक्ष्य की पूर्ति निर्धारित समय के अंदर शत प्रतिशत करायी गई। प्रयागराज में ५२०० पौधे रोपे गये। रिजर्वपुलिस लाइन में पोधरोपण के दौरान एडीजी जोन प्रेम प्रकाश, आईजी केपी सिंह, एसएसपी अभिषेक दीक्षित आदि अधिकारी एवं पुलिस के जवान मौजूद रहे।

# Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF







**सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।**